कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 15.02.2025

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन कार्यक्रम

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में सिकल संगवारी पहल, जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं युथ रेडक्रॉस एवं छात्र सेवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एक दिवसीय सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि सिकल सेल एक अनुवांशिक रक्त रोग है जो रोगी के पूरे जीवन को प्रभावित करता है। जागरूकता की कमी से अधिक लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। युवा पीढ़ी में इसकी जानकारी एवं बचाव हेतु इस शिविर का आयोजन किया गया।

डॉ. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष भूगोल ने बताया कि यह रोग एनीमिया का कारण बनता है साथ ही दर्द, विकास में कमी एवं शरीर के सभी अंगों को प्रभावित करता है।

विषय-विशेषज्ञ सुश्री गीता एक्का, जिला सलाहकार एवं संयोजक, सिकल संगवारी पहल, जिला अस्पताल दुर्ग ने सिकल सेल की विस्तृत जानकारी दी।

श्री प्रवीन सिंह सहायक जिला संयोजक एवं सलाहकार, श्री केशवलाल, लेब टेक्नीशियन, श्री भूपेश दिल्लीवार, सुश्री धर्मिण तुरकाने, स्टॉफ नर्स, श्री लक्ष्मी चंद देवांगन एवं श्रीमती दुर्गा परतेती डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के संयुक्त सहयोग से इस शिविर में लगभग 100 छात्राओं ने रक्त परीक्षण कराया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रसुन्ना एवं धन्यवाद ज्ञापन तबस्सुम अली ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया
दिवसीय सिकल
कार्यक्रम
महाविद्यालय
02.2025

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' PG
Durg (C.G.)